**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. 212***

**13 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए धनराशि**

***212. श्री ए. राजा:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रतिबद्ध, संस्वीकृत एवं जारी की गई धनराशि का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य सरकार के कई अनुरोधों के बावजूद चेन्नई मेट्रो के लिए संस्वीकृत राशि जारी न किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) मदुरै मेट्रो परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुमोदन का ब्यौरा और स्थिति क्या है तथा इसमें एक वर्ष से अधिक के विलंब के क्या कारण हैं;

(घ) कोयम्बटूर मेट्रो परियोजना के अनुमोदन का ब्यौरा और स्थिति क्या है तथा केन्द्र सरकार के हिस्से के रूप में स्वीकृत धनराशि कितनी है; और

(ङ) केन्द्र सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं कि तमिलनाडु में मेट्रो परियोजनाओं के लिए सभी लंबित राशियों को समयबद्ध तरीके से जारी कर दिया जाए?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्री**

**(श्री मनोहर लाल)**

**(क) और (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

**<u>विवरण</u>**

**मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए धनराशि विषय के संबंध में श्री राजा ए. द्वारा दिनांक 13 मार्च 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 212* (स्थिति 12वीं) के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क),(ख) और (ङ): शहरी विकास राज्य का विषय है, और केंद्र सरकार स्थायी तरीके से शहरीकरण को बढ़ावा देने के राज्यों के प्रयासों में सहायता करती है। मेट्रो रेल प्रणाली सहित शहरी परिवहन इन्फ्रास्ट्रक्चर शहरीकरण की स्थिरता को बढ़ाता है। अतीत में केंद्र सरकार ने चेन्नई चरण- I और चरण- I विस्तार मेट्रो परियोजनाओं के तहत 54 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क के लिए वित्तीय सहायता दी है, जो क्रमशः फरवरी 2019 और मार्च 2022 से चालू हैं। तमिलनाडु सरकार ने शुरू में राज्य क्षेत्र की परियोजना के रूप में चेन्नई मेट्रो चरण-2 परियोजना के तहत 118.9 किलोमीटर अतिरिक्त मेट्रो नेटवर्क को चालू करने का विकल्प चुना है। इसके बाद, तमिलनाडु सरकार के अनुरोध पर और अनुमोदन की उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद, केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2024 में 63,246.4 करोड़ रुपये की लागत से 50:50 संयुक्त उद्यम परियोजना के रूप में चेन्नई मेट्रो चरण- II परियोजना को मंजूरी दे दी है। स्वीकृति आदेश के अनुसार, इक्विटी और सबोर्डिनेट ऋण के रूप में चेन्नई मेट्रो रेल चरण-2 परियोजना के लिए भारत सरकार की ओर से कुल योगदान 7,424.9 करोड़ रुपए है। इसके अलावा, केंद्र सरकार स्वीकृति आदेश के अनुसार बाहरी ऋण के अलावा पास-थ्रू सहायता भी प्रदान कर रही है। चेन्नई मेट्रो परियोजना के लिए निधियां विशेष प्रयोजन तंत्र अर्थात् चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत निधि आवश्यकता के आधार पर जारी की जाती है, जो परियोजना की प्रगति पर निर्भर करती है। केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2024 के महीने में अपनी स्वीकृति देने के बाद से चेन्नई मेट्रो चरण-2 परियोजना के लिए 5,004.59 करोड़ रुपये की निधि जारी की है।

(ग) और (घ): तमिलनाडु सरकार ने व्यापक गतिशीलता योजना और वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट के बिना, फरवरी, 2024 में तमिलनाडु की कोयम्बटूर और मदुरै मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की है। तमिलनाडु सरकार ने तमिलनाडु के कोयंबटूर और मदुरै मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए व्यापक गतिशीलता योजना और वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट दिसंबर 2024 में ही प्रस्तुत की है, जो परियोजना मूल्यांकन के लिए आवश्यक है। मेट्रो रेल परियोजनाओं की लागत बहुत अधिक होने के कारण, इन्हें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है तथा केंद्र सरकार के विभिन्न स्तरों पर इनकी गहन जांच की जाती है। शहरों या शहरी समूहों में ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता पर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्ताव की व्यवहार्यता तथा संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाता है।

*****